# देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत
## वार्षिक रिपोर्ट 2024-25

देशबंधु गुप्ता राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पानीपत का शुभारम्भ 14 जुलाई 2008 को बस स्टैंड के नजदीक स्थित डाईट भवन के प्रथम तल पर किया गया। आरम्भ में इसमें दो ही संकाय शामिल किए– कला और वाणिज्य संकाय में 160 विद्यार्थियों का एक वर्ग रखा गया। शुरूआत में महाविद्यालय में केवल तीन ही प्राध्यापकों की व्यवस्था की थी। 1 वाणिज्य विभाग 2 प्राध्यापक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, करनाल से **Depute** किए गए। आरम्भ में कला संकाय में 6 एच्छिक विषय (राजनीति, इतिहास, मनोविज्ञान, गणित, अर्थशास्त्र और संगीत) थे जिनकी संख्या अब बढ़कर 10 हो गई है।

वर्तमान में महाविद्यालय अपने नवनिर्मित भवन सेक्टर–18 हुड्डा पानीपत में स्थित 10.5 एकड़ के विस्तृत प्रांगण में सत्र 2015–2016 से सुचारू रूप से कार्यरत है। महाविद्यालय के आकर्षक भवन का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा, श्री मनोहर लाल खट्टर जी के कर कमलों से किया गया तब से ही यह महाविद्यालय लगातार हर क्षेत्र में प्रगति पथ पर अग्रसर है। महाविद्यालय में विज्ञान संकाय,एम.कॉम, एम.ए, अर्थशास्त्र, एम.ए, अंग्रेजी और एम.ए. इतिहास की कक्षाएं भी नियमित रूप से लगाई जा रही है। नए विषयों एवं संकायों के आने से महाविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। आरंभ में कला संकाय में प्रथम वर्ष में केवल 80 छात्र थे जिनकी संख्या 80 से बढ़कर आज 400 पहुँच चुकी है। शैक्षणिक गतिविधियों के अतिरिक्त विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अन्य अनेक गतिविधियाँ वर्ष भर आयोजित की जाती हैं।

## पूर्व छात्र सम्मेलन

देशबन्धु गुप्ता राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 27/04/2024 को 7वीं पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य श्रीमती संजु अबरोल के नेतृत्व में करवाया गया। IQAC समिति के संयोजक डा0 दलजीत सिंह ने विद्यार्थियो को अपने देश, समाज, परिवार, के प्रति अपने कर्त्तव्यो को पूर्ण करने की बात कही। जो विद्यार्थी शिक्षा क्षेत्र व रोजगार क्षेत्र में श्रेष्ठ रहे, उन्होनें अपना अनुभव सांझा किया इस सम्मेलन में कुल 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में अध्यक्ष प्रेम वर्मा, उपाध्यक्ष पद पर रितू, सचिन किशोर, सयुक्त सचिव तन्नू, खजांची शुभम को नियुक्त किया। यह कार्यक्रम श्रीमती सीमा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक करवाया गया।

## वार्षिक रिपोर्ट - 2024-25 (सांस्कृतिक समिति ) डॉ0 शशीकान्ता

1. महाविद्यालय में दिनांक 06 और 07 सितम्बर 2024 को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सात प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । गायन, नृत्य, कविता पाठ, प्लेइंग इंस्ट्रामेंट प्रश्नोत्तरी, पेंटिंग भाषण। विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लिया।
2. कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 47 वें जोनल यूथ फेस्टिवल 2024-25 का आयोजन एस.डी महाविद्यालय पानीपत 16 से 18 अक्तूबर 2024 को किया गया। जिसमें हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने 17 प्रतियोगिताओं में भाग लिया।
3. APIIT महाविद्यालय, पानीपत के द्वारा आयोजित 'मुकाबला' सांस्कृतिक कार्यक्रम में हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने तीन गतिविधियों में भाग लिया। जिसमें कविता पाठ में हमारी टीम द्वितीय स्थान पर रही।
4. आर्य पी.जी. महाविद्यालय पानीपत में राज्य स्तरीय कार्यक्रम 'दिशाएं 2025' में हमारी टीम Declamation में अंजली (बी0 ए0 द्वितीय वर्ष) तीसरे स्थान पर रहीं ।
5. डॉ. पद्म सिंह शर्मा कमलेश मैमोरियल कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महाविद्यालय, घरौंडा द्वारा 12/04/2025 को करवाया गया। जिसमें हमारे दो विद्यार्थियों ने भाग लिया। अंजली बी0 ए0 द्वितीय वर्ष, नेहा (बी0 ए0 तृतीय वर्ष) दोनो ने ही सांत्वना पुरूस्कार (500 रूपये) प्राप्त किया।

## खेल कूद विभाग - श्री दलजीत सिंह

पिछले वर्ष की भांति 2024-25 के दौरान महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।
1. कबड्डी , बेसबाल, सॉफटबाल, टेबल-टेनिस, खो-खो, शतरंज, भारोतोलन, ऐथलेटिक्स इत्यादि खेलो में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में भाग लिया।
2. महाविद्यालय की खो-खो ( पुरूष वर्ग) टीम ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 4 विद्यार्थियों का चयन अंतर विश्वविद्यालय टीम में हुआ। कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर में यह प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।
3. महिला वर्ग ने खो-खो में (बी.ए. प्रथम वर्ष) की तन्नु ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।
4. ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता में 20 कि0 मी0 में नेहा (एम. ए.) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। अन्य कास्य पदक
5. शतरंज में महिला टीम ने टीम स्पर्धा में कास्य पदक प्राप्त किया। नैंसी, ज्योति,फिना, पिंकी, प्रिया शामिल रही।
6. शतरंज में पुरूष वर्ग ने 2 खिलाडियों ने अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। मनीष (एम. ए. प्रथम वर्ष) वंश (एम.कॉम. प्रथम वर्ष) का चयन हुआ। यह प्रतियोगिता ओम स्टर्लिंग विश्वविद्यालय में मार्च में सम्पन्न हुई।
7. तेरहवी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 8-9 फरवरी 2025 को करवाई गई। लगभग 250 विद्यार्थियों ने इसमें भागीदारी की। विजेताओं को 500, 300, 200 का नकद पुरस्कार प्रदान किया। नेहा बी.ए. प्रथम को सर्वश्रेष्ठ एथलीट (महिला वर्ग) आकाश (बी.ए. तृतीय ) को सर्वश्रेष्ठ एथलीट (पुरूष वर्ग) में चुना गया।
8. महाविद्यालय में इस वर्ष 21 दिवसीय योग शिविर आयोजित किया गया। 1-21 अप्रैल तक शिविर में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की।

# मतदाता पंजीकरण समिति की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25

- महाविद्यालय में दिनांक 21-09-2024 को मतदाता पंजीकरण समिति ने मेहंदी तथा स्लोगन प्रतियोगिता करवाई जिसमें इन प्रतियोगिताओ के द्वारा विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । जिसमें मेंहदी प्रतियोगिता में -

नेहा (बी.ए. द्वितीय) रोल नं. 8105 प्रथम
श्रुति (बी.ए. द्वितीय) रोल नं0 9023 द्वितिय
टांचल (बी.ए. द्वितीय) रोल नं0 8290 तृतीय
स्लोगन प्रतियोगिता में :-
कृतिका (एम.ए. फाईनल) रोल नं0 9006 प्रथम
ज्योति (बी.ए. प्रथम) रोल नं0 8329 द्वितिय
काजल (बी.ए. तृतीय) रोल नं0 2236 तृतीय

- महाविद्यालय में 13/08/2024 से विशेष 'मतदाता बनाओ' अभियान चलाया गया। जिसमें लगभग 300 विद्यार्थियों के मतदाता फार्म भरकर जिला निवार्चन कार्यालय को कॉलेज द्वारा भेजे गए।
- 17/01/2025 को राज्य निर्वाचन कार्यालय के आदेशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय, पानीपत में निबंध प्रतियोगिता और Declamation प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में अंजली (बी0 ए0 द्वितीय वर्ष) रोल नं0 8176 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा Declamation प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया । इसी तरह निबंध प्रतियोगिता में सोनिया (बी0 ए0 द्वितीय वर्ष) रोल नं0 8024 ने तृतिय स्थान प्राप्त किया।
- महाविद्यालय की छात्रा अंजली बी0 ए0 द्वितीय वर्ष रोल नं0 8176 ने प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर दिनांक 25/01/2025 को द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दिनांक 25 जनवरी को मतदाता दिवस के उपलक्ष में उपरोक्त छात्रा को पंचकुला में राज्य निवार्चन आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया।

## इतिहास विभाग

- महाविद्यालय में इतिहास विभाग के द्वारा 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में कमरा न0 210 में दिनांक 14/08/2024 को व्याख्यान सभा आयोजित की गई। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा अन्य विभागों के प्राध्यापक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।
- 23 मार्च के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 22 मार्च 2025 को कमरा नं 209 में भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव को श्रदाजँलि दी गई ओर देश की आजादी में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। जिसमें कालेज के विद्यार्थियों व कर्मचारियों ने बडी सख्या में भाग लिया।
- 23 व 24 फरवरी 2025 को इतिहास के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने इतिहास विषय के विभिन्न विषयो पर अपने -2 विचार प्रकट किये। इस सेमिनार में B.A. Ist, B.A. II, B.A. III, M.A. (P) or M.A. (F) के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

- 12 अप्रैल 2025 को कमरा न0 209 में डॉ0 भीम राव अम्बेडकर के जन्मदिन के उपलक्ष में भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई।
- महाविद्यालय में 22 अप्रैल 2025 को 'विश्व पृथ्वी दिवस' पर इतिहास विभाग द्वारा पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों में चेतना उप्पन्न करने के लिये पौधा रोपण व सफाई अभियान चलाकर गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

## अर्थशास्त्र विभाग

- अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा 24/08/2024 को वाद-विवाद प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। जिसमें काजल एम0ए. द्वितीय (फाइनल) ने प्रथम आशीष बी.ए. फाइनल ने द्वितीय तथा पिग्रांकी एम.ए. फाइनल की छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । 09/10/2024 को कमरा नं 108 में निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोन किया गया। जिसमें भगत सिंह एम.ए. फाईनल के छात्र ने प्रथम , काजल एस.ए. फाईनल के छात्र द्वितीय तथा आशीष बी.ए. तृतीय के छात्र तीसरे स्थान पर रहे। 20/03/2025 तथा 26/03/2025 को अर्थशास्त्र विभाग ने करियर काउंसलिंग तथा प्लेसमेंट सेल के सहयोग से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। नियोजन प्रकोष्ठ और अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से यह कार्यशाला अंतराष्ट्रीय अर्थशास्त्र संगठन द्वारा प्रतियोजित की गई।
- अर्थशास्त्र में महिलाओं की अग्रणी भूमिका विषय पर यह कार्यशाला (चार दिवसीय) डा0 भारती नंदवानी, डा0 आकांक्षा अग्रवाल तथा अनु शोधकर्ता के मार्गदर्शन में सफल आयोजित हुई।

## विश्वविद्यालय कार्य प्रकोष्ठ ( डॉ०सरोज बाला)

- सत्र 2023–2024 के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सत्रीय परीक्षाएँ सुचारू रूप से संचालित की गई। हरियाणा उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार दाखिला प्रक्रिया संचालित की गई। यू0 जी0/पी0 जी0 के दाखिले मैरिट के आधार पर सभी सम्बन्धित संकायों में किए गए। Internal Assessment समय से भरी गई। परीक्षा फार्म समय से वैब पोर्टल पर भरे गए। समय पर परीक्षा परिणाम तैयार किए गए।

## विभागीय गतिविधियां ( भूगोल 2024-25 )

इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस का विषय '' मन्ट्रियल प्रोटोकाल
1. दिनांक 13/09/2024 को विश्व ओजोन दिवस का आयोजन किया गया। इसके लगभग 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
एडवांस क्लाइमेटिक एक्सन '' रहा। जिस पर मैडम संजू बाला ने व्याख्यान प्रस्तृत किया।

विषय पर एक ज्ञानवर्धक सेमिनार का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस
2. दिनाक 25/09/2024 को 'भौगोलिक सूचना प्रणाली एवं सुंदूर संवेदन' अवसर पर जियो इनफॉर्मेटिक रोहतक के अजय देशवाल एव उनकी टीम ने प्रमुख रूप से सुदूर संवेदन एवं स्थानीय आँकडों के प्रबंधन में जी. आई.एस. की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तृत चर्चा की । इस कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

जिसमें टीम सी. ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
3. दिनांक 17/12/2024 को महाविद्यालय स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । नैंशी कक्षा बी. कॉम. द्वितिय स्थान प्राप्त किया।
जिसमें योगेश कुमार शर्मा कक्षा बी.कॉम. द्वितीय,

इसमें पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, मेंहदी प्रतियोगिता एवं कविता
4. दिनांक 14/04/2025 को विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया ।
पाठ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# ANNUAL REPORT SESSION 2024-25

## English History Association Department of English

Activity -1 :-

An animated movie show based on the novel "Great Expectations' by Sir Chaste Dickens was organized in the English language lab on 24 Oct. 2024

Activity -2 :-

A calligraphy competition in English was organized in the language lab on 04 April 2025

Activity-3 :-

An English ----------- Competition was organized in the english language lab on 23 April 2025

### सत्र 2024-25 में समाजशास्त्र विभाग की गतिविधियाँ

1. 01 जुलाई 2024 **श्री तकदीर सिंह समाजशास्त्र विभाग** में बतौर प्राध्यापक कार्यरत है। अपने महाविद्यालय में इको हर्बल बोटनिकल गार्डेन बनाने में महत्वपूर्ण
सहयोग दिया है। आपके द्वारा " **नई शिक्षा नीति**" के अनुसार सामजशास्त्र विषय पर (सत्र 2023.24 में ) 05 पुस्तके प्रकाशित करके महाविद्यालय के सम्मान को
बढ़ाया हैं इसलिए आपको महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य **डॉ0 संजू अबरोल द्वारा "विशेष सम्मान पत्र"** प्रदान किया जाता है।
2. 17 सितम्बर 2024 को महाविद्यालय में इको क्लब द्वारा पर्यावरण बचाओ जीवन पाओ एवम् पर्यावरण पर आधारित पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया
गया जिसमें समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
3. 20 सितम्बर 2024 को महाविद्यालय में इको क्लब द्वारा पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़
कर भाग लिया।
4. 24 सितम्बर 2024 को अन्तरास्ट्रीय क्रीमी मुक्ति दिवस पर 470 अल्बेन्डाजोल की गोलियां बांटी गयी जिसमें अन्य विभागों के साथ -साथ समाजशास्त्र विभाग के ने
महत्वपूर्ण भूमिका निभाई
5. 15 अक्टूबर 2024 को स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग के प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
6. 26 अक्टूबर 2024 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा "**भारत में समाजशास्त्र विषय के अध्ययन की आवश्यकता**" नामक विषय पर एक क्विज प्रतियोगिता का
आयोजन किया गया जिसमें समाजशास्त्र विषय की 10 टीमों ने भाग लिया **प्रथम , दूसरे और तीसरे** स्थान पर आने वाली टीमों को उचित **इनाम और प्रमाण पत्र**
प्रदान किये गए।
7. 12 नवम्बर 2024 को समाजशास्त्र विभाग के अनेक विद्यार्थियो ने " सड़क सुरक्षा के नियम" नामक विषय पर आयोजित प्रतियोगिता बढ़-चढ़ कर भाग लिया।
8. 18 फरवरी 2025 को स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत अल्बेन्डाजोल की गोलियां बाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।
9. 01 मार्च 2025 को महाविद्यालय में आक्सीजन बाग के निर्माण के अंतर्गत पोधा रोपण और श्रमदान कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
10. 22 मार्च 2025 को इतिहास विभाग और समाजशास्त्र विभाग द्वारा सयुक्त रूप से " शहीदी दिवस" मनाया गया जिसमें इतिहास विभाग के विद्यार्थियो साथ-साथ
समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। और पौधा रोपण, श्रमदान किया गया।
11. 01 अप्रैल 2025 जिसको समाजशास्त्र विभाग ने "**महात्मा ज्योतिबा फुले एवं भारत रत्न आधुनिक भारत के निर्माता, ज्ञान के प्रतीक , सविधान निर्माता की मुख्य
भूमिका निभाने वाले बाबा साहेब डॉक्टर बी. आर. अंबेडकर की समाज सुधार एवं राष्ट्रीय निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका** नामक विषय पर **निबंध प्रतियोगता** का
आयोजन किया गया। जिसमें वंशिका ने प्रथम, अनुष्ठान द्विवितीय तथा चंचल प्रथम वर्ष की छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।
12. 05 अप्रैल 2025 को **श्री तकदीर सिंह समाजशास्त्र विभाग** में बतौर प्राध्यापक कार्यरत है। आपने महाविद्यालय में इको हर्बल बोटनिकल गार्डेन और आक्सीजन
बाग बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। आपके द्वारा "नई शिक्षा नीति" के अनुसार समाजशास्त्र विषय पर (सत्र **2023-24 में पुस्तकें और सत्र 2024-25 में 07
पुस्तकें** प्रकाशित करके महाविद्यालय के सम्मान को बढ़ाया हैं इसलिए आपको महाविद्यालय के **पूर्व प्राचार्य श्री दलजीत सिंह** द्वारा "**विशेष सम्मान पत्र**" प्रदान किया
जाता है।
13. 04 अप्रैल 2025 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा असाएमेंट के विषय की प्रस्तुति का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने
सफल प्रस्तुति दी ।
14. 12 अप्रैल 2025 को इतिहास विभाग और समाजशास्त्र विभाग द्वारा सयुक्त रूप से "**भारतरत्न, ज्ञान के प्रतीक, आधुनिक भारत के पिता, नारी के
मुक्तिदाता,महान समाज सुधारक ' सविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ0 बी.आर. की जयंती पर सेमिनार** का आयोजन किया गया जिसमें समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों
ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया ।
15. 22 अप्रैल 2025 को पृथ्वी दिवस के अवसर पर इको क्लब, इतिहास विभाग और समाजशास्त्र विभाग द्वारा सयुंक्त रूप से श्रमदान, पोधा रोपण और इको हर्बल
बोटनिकल गार्डेन में दाना-पानी और रख-रखाव तथा संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

श्रीमती दीप्ति गाबा

राष्ट्रीय सेवा योजना

1.वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत 9 जुलाई 2024 को वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों को कॉलेज परिसर एवं अपने घरों में पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल का उद्देश्य वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना और पर्यावरण को हरा–भरा बनाना था। स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय योगदान दिया।

2. 13 अगस्त 2024 को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत एक रैली का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। रैली की शुरुआत कॉलेज से हुई जो सेक्टर 18 सेक्टर 13–17 से होते हुए टोल प्लाजा तक पहुँची। एनएसएस स्वयंसेवकों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ रैली में भाग लिया। इस दौरान ‍भारत माता की जय वंदे मातरम् जैसे जोशीले नारों से वातावरण गूंज उठा।

3. 17 अगस्त 2024 को एन एस एस स्वयं सेवकों ने एस– डी– पी–जी– कॉलेज पानीपत द्वारा आयोजित पुस्तक मेले एवं सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में पठन–पाठन की आदत को बढ़ावा देना और यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था। स्वयंसेवकों ने दोनों कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया।

4. 21 अगस्त 2024 को एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कार्यक्रम समन्वयक ने एनएसएस सेल के आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला और स्वयंसेवकों से प्रत्येक गतिविधि में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। इस बैठक का उद्देश्य स्वयंसेवकों को प्रेरित करना था, ताकि वे एनएसएस गतिविधियों में पूरी तरह से संलग्न हो और प्रत्येक अवसर का लाभउठाएं।

5. 5 सितंबर 2024 को शिक्षक दिवस के अवसर पर डॉ– सर्वपल्ली राधाकृष्णन के योगदान को याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दिन के उपलक्ष्य में एक कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कई एन एस एस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि शिक्षक हमारे जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को नमन किया गया। स्वयंसेवकों ने अपनी कवि कला के माध्यम से इस महान शिक्षक और दार्शनिक को श्रद्धांजलि अर्पित की।

6. 7 सितंबर 2024 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर साक्षरता के विषय पर एक नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य साक्षरता के महत्व को उजागर करना और यह दिखाना था कि यह एक बेहतर भविष्य के निर्माण में कैसे योगदान देता है। कई एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लिया और प्रभावशाली नारों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और विचारशीलता को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि शिक्षा व्यक्ति और समाज के लिए एक सशक्त भविष्य की कुंजी है।

7. 24 सितंबर 2024 को एनएसएस दिवस के अवसर पर एनएसएस इकाई द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने नृत्य, कविता वाचन और गायन में भाग लिया। यह कार्यक्रम रचनात्मकता और प्रतिभा का जीवंत उदाहरण था जो एनएसएस द्वारा प्रचारित एकता और सेवा की भावना को दर्शाता है। स्वयंसेवकों ने अपनी लगन और समर्पण को दिखाया जिससे यह कार्यक्रम अविस्मरणीय बन गया।

8. 27 सितंबर 2024 को एक बैठक आयोजित की गई जिसमें 30 सितंबर 2024 को आयोजित होने वाले एक दिवसीय शिविर के दौरान प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण के बारे में चर्चा की गई। बैठक में दो महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्रों का सुझाव दिया गया: एक साइबर सुरक्षा पर और दूसरा वित्तीय साक्षरता पर। इन प्रशिक्षण सत्रों का उद्देश्य स्वयंसेवकों को डिजिटल युग में उपयोगी कौशल से लैस करना और व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन की समझ बढ़ाना है।

9. 30 सितंबर 2024 को कालेज में एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया जिसमें स्वयसेवकों को दो महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिए गए जो इस डिजिटल युग में अत्यधिक आवश्यक हैं। पहला प्रशिक्षण वित्तीय साक्षरता पर था जिसमें स्वयंसेवकों को विभिन्न वित्तीय निवेश उपकरणों से परिचित कराया गया, ताकि वे व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन को समझ सकें। दूसरा प्रशिक्षण साइबर सुरक्षा जागरूकता पर था जिसका उद्देश्य स्वयंसेवकों को ऑनलाइन सुरक्षा के महत्व और साइबर खतरों से बचने के तरीकों के बारे में जानकारी देना था। दोनों सत्रों को अच्छे से स्वीकार किया गया और स्वयंसेवकों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रूप से कार्य करने के लिए महत्वपूर्ण ज्ञान और कौशल प्राप्त हुआ।

10. 10 अक्टूबर 2024 को एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा एक स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत कॉलेज के लॉन की सफाई की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अन्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के प्रति जागरूक करना था। स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छ एवं हरित परिसर के लिए जिम्मेदार नागरिक होने का उदाहरण प्रस्तुत किया।

11. 18 अक्टूबर 2024 को एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए एक व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दीप्ति गाबा द्वारा किया गया जिन्होंने स्वयंसेवकों को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कई मस्तिष्क संबंधी खेल शामिल थे जो उनकी तार्किक सोच और टीमवर्क को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किए गए थे। इसके अलावा संचार कौशल से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओ पर चर्चा की गई जिससे स्वयंसेवकों को आत्मविश्वास और प्रभावी अभिव्यक्ति में मदद मिली। यह सत्र ज्ञानवर्धक और आनंददायक दोनों रहा और प्रतिभागियों के समग्र विकास में सहायक रहा।

12. 17 नवंबर 2024 को कॉलेज में एक पूर्व–शिविर तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आगामी एक दिवसीय एनएसएस शिविर के एजेंडे पर विस्तार से चर्चा की गई और आवश्यक तैयारियाँ पूरी की गईं।

13. 18 नवंबर 2024 को सत्र का दूसरा एक दिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य कॉलेज परिसर की सफाई और वृक्षारोपण अभियान पर केंद्रित था। स्वयंसेवकों ने कॉलेज के विभिन्न क्षेत्रों की सफाई में सक्रिय रूप से भाग लिया और परिसर में पौधे भी लगाए। इस शिविर

का उद्देश्य स्वयंसेवकों में संस्थान के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और स्वच्छ तथा हरित वातावरण की दिशा में उनका योगदान सुनिश्चित करना था।

14. 2 दिसंबर 2024 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एनएसएस इकाई द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस सत्र में एचआईवीध्एड्स रोग के कारणों बचाव के उपायों और उपचार के बारे में जानकारी दी गई। व्याख्यान का उद्देश्य स्वयंसेवकों को समय पर जांच सुरक्षित जीवन शैली अपनाने और इस रोग से जुड़े सामाजिक कलंक को समाप्त करने के लिए जागरूक करना था। यह सत्र जानकारीपूर्ण रहा और युवाओं के बीच जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ।

15. 7 जनवरी 2025 को एनएसएस इकाई द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस सत्र के लिए पानीपत पुलिस विभाग की साइबर सुरक्षा शाखा के एक अधिकारी को आमंत्रित किया गया। अधिकारी ने विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों जैसे कि फिशिंग ऑनलाइन धोखाधड़ी पहचान की चोरी और सोशल मीडिया हैकिंग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्वयं को साइबर खतरों से कैसे सुरक्षित रखें इस पर उपयोगी सुझाव भी दिए और डिजिटल दुनिया में सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया। किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में उन्होंने तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी।

16. 12 जनवरी 2025 को एनएसएस इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। स्वयंसेवकों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने युवा सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर आधारित कविताओं का पाठ भी किया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरित करना और समाज के प्रति उनकी सकारात्मक भूमिका को प्रोत्साहित करना था।

17. 17 जनवरी 2025 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एनएसएस इकाई द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजनीतिक शास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नरेश ढांडा ने संबोधन दिया। उन्होंने भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि संविधान की समझ व्यक्ति को एक अच्छा नागरिक बनाती है। यह सत्र जानकारीपूर्ण और प्रेरणादायक रहा, जिसने सभी को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाई।

18. 30 जनवरी 2025 को एनएसएस इकाई द्वारा महात्मा गांधी की शहीदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गांधी जी की विचारधारा पर एक चर्चा आयोजित की गई। स्वयंसेवकों ने गांधी जी के अहिंसा, सत्य और सादगी जैसे सिद्धांतों पर अपने विचार साझा किए। सत्र को और अधिक रोचक बनाने के लिए एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी द्वारा एक क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई, जिसमें गांधी जी के जीवन और योगदान से संबंधित प्रश्न पूछे गए। यह सत्र ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा।

19. 5 फरवरी 2025 को एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी द्वारा एक बैठक बुलाई गई, जिसका उद्देश्य 10 फरवरी से 16 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय एनएसएस शिविर की तैयारियों पर चर्चा करना था। बैठक में स्वयंसेवकों को शिविर के उद्देश्यों और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया गया। शिविर का संचालन सुचारू रूप से हो, इसके लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया और स्वयंसेवकों को अलग–अलग दायित्व सौंपे गए। बैठक उत्साहपूर्वक संपन्न हुई और सभी ने शिविर को सफल बनाने के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

20. 10 फरवरी से 16 फरवरी 2025 तक सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। प्रत्येक दिन की गतिविधियाँ विश्वविद्यालय एनएसएस समन्वयक द्वारा प्रदान की गई समय–सारणी के अनुसार आयोजित की गई जिससे शिविर का आयोजन सुव्यवस्थित और प्रभावी रहा। स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और शिविर के उद्देश्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया। यह शिविर एक बड़ी सफलता साबित हुआ जो प्रतिभागियों के लिए बहुमूल्य अनुभव प्रदान करता है और सामुदायिक सेवा की भावना को बढ़ावा देता है।

21. 18 फरवरी 2025 को शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में एक व्याख्यान आयोजित किया गया। इस सत्र में शिवाजी महाराज के जीवन से महत्वपूर्ण पाठ लेने पर जोर दिया गया और भारतीय इतिहास में उनके योगदान पर चर्चा की गई।

22. 20 फरवरी 2025 को एनएसएस इकाई द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। इस सत्र में स्वच्छता बनाए रखने के महत्व और यह कैसे समग्र स्वास्थ्य और कल्याण में योगदान करता है, इस पर चर्चा की गई। साथ ही जीवन में स्वस्थ आदतों को अपनाने पर भी विशेष ध्यान दिया गया, जैसे नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और उचित नींद। इस व्याख्यान का उद्देश्य स्वयंसेवकों को यह समझाना था कि उनकी दिनचर्या में छोटे बदलाव भी स्वस्थ जीवनशैली की ओर मार्गदर्शन कर सकते हैं।

23. 21 मार्च 2025 को एनएसएस इकाई द्वारा शहीदी दिवस मनाया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने महान स्वतंत्रता सेनानियों शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बारे में बात की। स्वयंसेवकों ने इन वीर नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी शहादत और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद किया। यह सत्र उनके साहसी देशभक्ति और स्वतंत्रता के लिए उनके अडिग संघर्ष को सम्मानित करने का एक तरीका था।

24. 27 मार्च 2025 को आगामी शिविर की तैयारियों और कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए एक पूर्व शिविर बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिविर के संचालन के लिए आवश्यक कार्यों और जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया गया। शिविर के दौरान दो महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया गया: एक आग बुझाने का प्रशिक्षण और दूसरा प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण। इन सत्रों का उद्देश्य स्वयंसेवकों को जीवन–रक्षक कौशल से सुसज्जित करना और सुरक्षा व आपातकालीन प्रतिक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

25. 29 मार्च 2025 को सत्र का तीसरा एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर को प्रातःकाल और अपराह्न दो सत्रों में विभाजित किया गया था। प्रातः काल सत्र में आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया। धर्मेंद्र जी फायर ब्रिगेड विभाग से ने आग के विभिन्न प्रकारों के बारे में बताया और आग दुर्घटनाओं

के समय कैसे आग से निपटा जाए इस पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। स्वयंसेवकों को आग सुरक्षा प्रोटोकॉल और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के तरीके के बारे में सिखाया गया।

अपराह्न सत्र में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें मैडम सोनिया शर्मा सिविल अस्पताल पानीपत से ने प्राथमिक चिकित्सा के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवकों के घावों इलाज आर प्रदान करने और आपातकालीन चिकित्सा स्थितियों में सहायता करने की प्रमुख तकनीकों को प्रदर्शित किया। यह शिविर जानकारीपूर्ण था और स्वयं सेवकों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल प्रदान किया।

## महिला प्रकोष्ठ

श्रीमती दीप्ति गाबा

सत्र 2024.25 के दौरान महिला प्रकोष्ठ ने निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया:–

**1. राखी बनाओ प्रतियोगिताः 17 अगस्त 2024 को महिला प्रकोष्ठ ने राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें 20 छात्रों ने भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया।**

2. मेंहदी प्रतियोगिता: 19 अक्टूबर 2024 को महिला प्रकोष्ठ ने एक मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें 15 छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता ने छात्राओं को अपनी कलात्मकता और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया।

3. शैक्षिक भ्रमण: 25 जनवरी 2025 कोए महिला प्रकोष्ठ ने कुरुक्षेत्र के लिए एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया। इस भ्रमण के दौरान 50 छात्राओं ने ब्रह्म सरोवर धरोहर कल्पना चावला प्लैनेटेरियम पैनोरमा आदि जैसे स्थानीय स्थलों का भ्रमण किया। यह भ्रमण न केवल ज्ञानवर्धक था बल्कि छात्राओं के लिए एक मनोरंजक अनुभव भी था।

4. परियोजना संवेदना: आई.ओ.सी.एल और एच.एल.एल के सहयोग से चलाए जा रहे परियोजना संवेदना के तहत महिला प्रकोष्ठ ने 400 मासिक धर्म कपों का वितरण किया। इस परियोजना के तहत मादाम अलका और उनकी सहायक ने छात्राओं को मासिक धर्म कपों के लाभों और उनके उपयोग के बारे में विभिन्न प्रशिक्षण सत्र प्रदान किए।

इन गतिविधियों के माध्यम से महिला प्रकोष्ठ ने न केवल छात्राओं को सशक्त बनाने का प्रयास किया बल्कि उनके स्वास्थ्य और कल्याण को भी बढ़ावा दिया।

Department of Mathematics (RAMANUJAN 'SOCIETY)

Department of Mathematics has formed a society named RAMANUJAN SOCIETY. Under the aegis of this society, following activitives were held in the college in the year 2024-25.

1.Poster making and Power Point Presentation competitions related to any topic of Mathematics. These competitions were held on 25/09/2024 and there were 12 entries in poster mating competition and 5 entries in power point presentation competition.

2. Collage making competition related to any topic of Mathematics. This competition was held on 19/04/2025 and 10 teams, each of 2 students, presented their collage in this competition.

## Career Counseling and Placement Cell 2024-25

1. An extension lecture on "Path to leadership" was organized to ne nearly on 18/09/2024. This lecture was delivered to nearly 180 students and faculty members of the college by Mrs. Monika Saluja, a renowned educationist of Panipat.

2. A job fair was organized on 14/11/2024. Interviews were conducted for the post of Assistant Manager in Axis Bank for the windley college's pass-out students. This job fair was organised in collaboration with NIIT Ltd. and Medha foundation.

3. Again a job fair for the post of Relationship Manager at ICICI bank was conducted on 10/01/2025. This event was organized by Career Counseling and Placement Cell in collaboration with NIIT Ltd.

4. A workshop on AI and Robotics was conducted in the college. Nearly 80 students participated actively in this workshop. The workshop was conducted in collaboration of Asia Pacific Institute of Information Technology (APIIT) SD India, Panipat.

5.A seminar on Compulsory Intership for NEP students was organized in the college on 19/03/2025. This seminar was organized in collaboration with Kalyani Education Welfare Trust, Panipat to provide information about various intership opportunities to students.

6. A four day workshop was organized under the aegis of Career Counseling and Placement Cell in Collaboration with department of Economics of our college. The workshop focused on theme "Women's Leadership in Economic". The workshop ended on 26/03/2025 and Research Associate Ms. Annu, who conducted this workshop provided participation certificates to 15 students of our college.

# पुस्तकालय

पुस्तकालय महाविद्यालय की आत्मा, बुद्धिजीवियों की प्रयोगशाला व ज्ञान सरिता का उद्‌गम स्थल होता है। अतः उसी संगम स्त्रोत की पूर्ति के लिए हमारे महाविद्यालय में विभिन्न विषयों की 7968 पुस्तके हैं। पुस्तकालय के साथ साथ एक वाचनालय भी संचालित है। पुस्तकालय में हिन्दी व अंग्रेजी भाषा के रोजगार समाचार पत्र, 06 दैनिक समाचार पत्र, अनेक साप्ताहिक व मासिक पत्रिकाएँ, जर्नल उपलब्ध करवाए जाते है।

पुस्तकालय सेवाओ की दक्षता बढाने के लिए Soul Software संस्करण 3.0 का उपयोग किया जाता है। ई–रिर्सोस को बढावा देने के लिए National Library and Information Services Infrastructure of Scholarly contact (N-List ) की वार्षिक सदस्यता भी ली गई जिसके माध्यम से 6000 से ज्यादा ई–जर्नल, 199.500 से ज्यादा ई–बुक तथा NDL के द्वारा 600,000 ई–पुस्तके उपलब्ध करवाई जाती है।

# व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

- SUDHIR PUJARA Associate Professor Mathematics, successfully completed Haryana Karmayogi program under Mission Karmayogi.
- He completed a 1 day workshop Called "Reimagining Youth Employment" organized by MEDHA in association with DHE, Haryana.
- Presented a Research laper entitled "Novel Knowledge measure and Accuracy measure based Hesitant Fuzzy sets with Applications in Multi-Attribute Decision Making" in 4th Internation Conference on "Innovations in Science and Technology for Viksit Bharat" held at Arya P.G. College, Panibar on 21-22 March 2025.
- डॉ0 सरोज बाला को सैशन 2024-2025 में प्रोफेसर ग्रेड मिला ।
- डी0 क्रास्ट विश्वविद्यालय सोनीपत में 1 दिवसीय NEP Training में हिस्सा लिया।
- डा0 शशीकान्ता को सैशन 2024-25 में प्रोफेसर ग्रेड मिला ।
- डी0 क्रस्ट विश्वविद्यालय सोनीपत में एक दिवसीय एन.ई.पी. ट्रेनिंग में हिस्सा लिया।
- शहीद उद्यमसिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी (इन्द्री) में 25/02/2025 को दो दिवसीय अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठी में टेक्निकल सत्र में चैयर प्रश्न को भूमिका निभाई। जिसके लिए महाविद्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया गया।
- सैशन 2024-25 में प्रोफेसर ग्रेड मिला ।
- डॉ. दलबीर देशवाल ने हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में SWEEP कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया।

- 05/10/2024 को Online निर्वाचन मतदाता क्विज प्रतियोगिता में 80 प्रतिशत अंक लेने पर निर्वाचन कार्यालय के द्वारा रजत श्रेणी में प्रमाण पत्र दिया गया।
- डॉ. नरेश ढांडा ने 23 नवंबर 2024 को 'NEP 2020' आई. बी. महाविद्यालय में रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया गया।
- 'मनुस्मृति में राजधर्म' आई. बी. महाविद्यालय में रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया गया।
- 24–25 फरवरी 2025 को 'वर्तमान में गीता की मेहता' पर रिसर्च पेपर राजकीय मटक माजरी महाविद्यालय में प्रस्तुत किया गया।
- 20 मार्च 2025 को आई. बी. महाविद्यालय में 'पदबंध राजनीतिक साहित्य' पर रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया गया।
- डॉ. बृजेश बरार ने 20 सितंबर 2024 को आर्य पी. जी. महाविद्यालय में 'Rama Mehta's Inside The Haveli: A Feministic Exegesis' पर रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया।
- 11-24 दिसंबर 2024 भगत फूल सिंह महिला विश्व विद्यालय में रिफर्सर कॉर्स किया।
- श्रीमती सोनिया ने 27 सितंबर 2024 को SNRL Jai Ram Girls College, Kurukshetra में 'Roll of Economic Factors in Voting Behaviour' पर रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया।
- 23 नवंबर 2024 को SNRL Jai Ram Girls College, Kurukshetra में 'Impact of NEP 2020 on Employability among the Youth' पर रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया।

## योग प्रकोष्ठ

* 26 सितंबर 2024, विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी की पानीपत शाखा द्वारा 'उतिष्ठभारत' कार्यक्रम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में विवेकानंद केन्द्र स्थापित किया गया। स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर केंद्रित रही। 50 विद्यार्थी प्रतिभागी रहे।

* 23-26 अक्तूबर 2024 के दौरान योग एवं ध्यान कार्यशाला का आयोजन किया गया। 65 विद्यार्थियों ने योग, ध्यान, सफाई और प्रार्थना का चरण बद्ध तरीका सीकर उसका अभ्यास किया। हार्टफुलनेस की ओर से अर्चना धवन, प्रीति चोपडा, जैनेंद्र गंगवार, संदीप कुमार ने प्रशिक्षण दिया। महाविद्यालय से 8 प्राध्यापकों ने ध्यान का अभ्यास किया।

* 15-17 नवंबर 2024 को 24 विद्यार्थियों ने जटेला धान, माजरा में आयोजित युवा नेतृत्व कार्यक्रम में भागीदारी की एवं भौतिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह कार्यक्रम विवेकानंद केन्द्र से प्रायोजित था।

* 12 जनवरी से 12 फरवरी तक महाविद्यालम में 'हर घर परिवार, सूर्य नमस्कार' का आयोजन किया गया। सामान्य अस्पताल की ओर से हरियाणा योग आयोग के संदर्भ में यह कार्यक्रम चला। 30 विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भागीदारी की और योगाभ्यास के साथ-साथ सूर्य नमस्कार किया। 6 दिन में 15 बार सूर्यनमस्कार कराया गया।

* 1 अप्रैल से 21 अप्रैल 2025 तक योग प्रकोष्ठ एवं आयुष विभाग, पानीपत के सहयोग से महाविद्यालय में योग शिविर आयोजित किया गया। प्रतिदिन (8.30-10.00 AM) आयुष योग विभाग की ओर से संदीप और रिषिपाल ने विद्यार्थियों को योगाभ्यास, प्राणायाम, नेति और ध्यान का अभ्यास कराया। योगाभ्यास के साथ हार्टफुलनेस ध्यान का 3 दिवसीय प्रशिक्षण भी आयोजित किया। कार्यक्रम में 12 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। संदीप कुमार और जैनेंद्र गंगवार ने ध्यान सत्र आयोजित किया।

## हिन्दी विभाग

* 14 सितंबर 2024 को हिन्दी दिवस के अवसर पर 'हिन्दी और व्यावहारिकता विषय पर अभिव्यक्ति कौशल का परीक्षण किया गया। मच संचात्म डॉ. वीना कुमारी ने किया। निर्णायक में डॉ० नरसिंह जांगडा, श्री संदीप कुमार रहे। अंजलि (बी. ए.द्वितीय) प्रथम, शरवी (बी.ए. द्वितीय) द्वितीय, मनीष व रिंकू बी०ए० प्रथम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अभिव्यक्ति कौशल में 12 और हिन्दी प्रश्नोतरी में 50 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

* 10 जनवरी 2025 को अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर डॉ. वीना कुमारी ने 'हिन्दी में भविष्य' पर विस्तार व्याख्यान दिया।

* 21 फरवरी 2025 को हिन्दी विभाग द्वारा मातृभाषा दिवस पर नारा लेखन एवं कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । माँ और मातृभाषा, मातृभाषा की पुकार विषय रहे। नारा लेखन में सोनिया, पूजा गुप्ता, अंजलि (बी० ए ०) द्वितीय कविता लेखन में अंजलि, सोनिया, सलोनी (बी.ए. द्वितीय) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। २० विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भागीदारी की । डॉ० वीना कुमारी, संदीप कुमार ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

## राजनीति विज्ञान

1. 14 अगस्त 2024 को स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में राजनीति विज्ञान विज्ञान के छात्रों के द्वारा भाषण **प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया ।
2. 24 अक्तूबर 2024 को डॉ **नरेश ढांडा** के द्वारा राजनीति विज्ञान के छात्रों को U.N.O. Day के उपलक्ष्य में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसके मुरन्य व्यक्ता रहे।
3. 26 नवंबर 2024 को 'संविधान दिवस पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता कराई गई।
4. 12 जनवरी 2025 को 'युवा दिवस' मनाया गया।

5. 12 अप्रैल 2025 डॉ. बी.आर. अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में NSS से साथ डॉ0 बी.आर. अम्बेडर व भारत का संविधान विषय पर डॉ. सुनीता ढांडा के द्वारा एक व्याख्यान दिया गया।